फा.सं. पी-11015/1/2022-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2022

विषय : जुलाई 2022 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल को सारांश (संख्या-7)।

जुलाई 2022 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. प्रकाशन विभाग द्वारा **राष्ट्रपति भवन श्रृंखला से संबंधित तीन नई पुस्तकों** अर्थात **i**) मूड्ज, मोमेंटस एंड मेमोरीज - भारत के पूर्व राष्ट्रपति (1950-2017) - ऐ विजुअल हिस्ट्री **ii**) फर्स्ट सिटीजन - माननीय राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के कार्यकाल का सचित्र रिकार्ड, और **iii**) इंटरप्रेटिंग जिओमेटरीज - राष्ट्रपति भवन का फलोरिंग के पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन दिनांक 24.07.2022 को राष्ट्रपति भवन में किया गया। इस समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति सुश्री द्रौपदी मुर्मू, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू, भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी, भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद और माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री. अनुराग ठाकुर ने शिरकत की।

2. सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों ने **16वें राष्ट्रपति चुनाव** और **निर्वाचित राष्ट्रपति द्वारा पदभार ग्रहण करने के समारोह की व्यवस्थाओं को व्यापक कवरेज प्रदान की**। दूरदर्शन समाचार और समाचार सेवा प्रभाग: आकाशवाणी (एनएसडी : एआईआर) ने भारत **के 15वें राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह,** माननीय राष्ट्रपति सुश्री द्रौपदी मुर्मू द्वारा तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण, माननीय राष्ट्रपति द्वारा उनके **पद ग्रहण पर संबोधन** और माननीय पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद द्वारा राष्ट्र के नाम **विदाई भाषण का सीधा प्रसारण किया।** डीडी न्यूज़ पर विशेष कार्यक्रम **'16वीं राष्ट्रपति चुनाव'** और भारत के माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर केंद्रित **'डीडी दस्तावेज'** तथा डीडी इंडिया का विशेष संस्करण नामत: **'16वें राष्ट्रपति के चुनाव'** का भी प्रसारण किया गया।

3. मंत्रालय ने **जून, 2022 में प्रधानमंत्री के मन की बात पुस्तिका का संस्करण प्रकाशित किया है** जिसे ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया है और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया है। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी संसद सदस्यों और विधायकों तथा भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और पीआईबी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को वितरित की जा रही है।

4. **आज़ादी का अमृत महोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष**
*'जन भागीदारी और जन आंदोलन' के तहत* आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) मनाने के लिए विभिन्न पहलें की जा रही हैं।

4.1 “नये भारत का नया दूरदर्शन” विषय पर दूरदर्शन के बड़े सुधार के भाग के रूप में दूरदर्शन एक मेगा ऐतिहासिक डॉक्यू-ड्रामा श्रृंखला नामत: ***"स्वराज - भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा"***, प्रसारित करने के लिए तैयार है जिसका प्रोमो माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा 15.07.2022 को आकाशवाणी भवन, नई दिल्ली में लॉन्च किया गया था। 15वीं शताब्दी के बाद से भारत के स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने वाला **75-एपिसोड का मेगा शो** दिनांक 14.08.2022 को डीडी नेशनल पर हिंदी में और बाद में क्षेत्रीय डीडी नेटवर्क पर प्रसारण के लिए कई क्षेत्रीय भाषाओं में लॉन्च किया जाएगा।

4.2 डीडी न्यूज ने **'हर घर तिरंगा'** अभियान को गति देने के लिए **'हर घर तिरंगा बग'** के साथ अपनी भावना को बढ़ाया और विशेष चर्चा तथा ग्राउंड रिपोर्ट आधारित कार्यक्रम “***आज़ादी का झंडा - हर घर तिरंगा'*** का प्रसारण किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर **#MomentsWithTiranga, #HarGharTiranga हैशटैग** के तहत 27 ग्राफिक्स/छवियों और वीडियो की एक श्रृंखला साझा की गई। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय और विभिन्न मीडिया यूनिटों के सभी कर्मचारियों को भी अभियान के दौरान अपने घरों और अपने कार्यालयों में 'भारत का राष्ट्रीय ध्वज' फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

4.3 **75-दिवसीय कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के लिए जन अभियान:** आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में 75 दिनों के लिए 18-59 आयु वर्ग के लिए मुफ्त बूस्टर खुराक वैक्सीन पर सरकार के अभियान की घोषणा को डीडी न्यूज और एनएसडी:एआईआर द्वारा व्यापक रूप से कवर और प्रचारित किया गया था। डीडी न्यूज **ने विशेष टीकाकरण अभियान पर माननीय प्रधान मंत्री के संदेश** को प्रमुखता से प्रसारित किया और प्राइम टाइम न्यूज पर एक विशेष कार्यक्रम ***'कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव - 75 दिन का विशेष अभियान'*** का प्रसारण किया। इस अभियान से संबंधित 10 ग्राफिक्स/छवियों और वीडियो की एक श्रृंखला को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग **#PrecautionDose**,**#We4Vaccine,** आदि का उपयोग करते हुए पोस्ट किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए भी एक मुफ्त बूस्टर खुराक टीकाकरण अभियान 22.07.2022 को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

4.4 भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान, एक बड़ा एकीकृत संचार और लोक संपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी) **"सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और आज़ादी का अमृत महोत्सव के 8 साल"** पर 1 से 9 जुलाई, 2022 तक 09 दिनों की अवधि के लिए ग्रैंड रोड, पुरी में आयोजित किया गया था जिसका उद्घाटन माननीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा 01.07.2022 को किया गया था। कार्यक्रम में प्रदर्शनी, मोबाइल डिजिटल वैन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फील्ड कार्यक्रम शामिल थे और सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी स्कीमों पर सूचना का प्रसार किया गया था।

4.5 फिल्म प्रभाग ने 23.07.2022 को ***लोकमान्य तिलक की जयंती*** और 31.07.2022 को ***मुंशी प्रेमचंद की जयंती*** और ***मोहम्मद रफी* की पुण्यतिथि** के अवसर पर अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल में संबंधित फिल्मों की **विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया।**

5. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में दिनांक 23.07.2022 को आकाशवाणी भवन में **राष्ट्रीय प्रसारण दिवस समारोह का उद्घाटन किया।** माननीय मंत्री ने दूरदर्शन पर नए धारावाहिकों के प्रोमो भी जारी किए- *कॉरपोरेट सरपंच : बेटी देश की*, *जय भारती*, *सुरों का एकलव्य* और *ये दिल मांगे मोर* के साथ-साथ *स्टार्टअप चैंपियंस 2.0.* डीडी न्यूज पर भी एक विशेष कार्यक्रम '**नये भारत की नई वाणी - दूरदर्शन और आकाशवाणी**' का प्रसारण किया गया था।

6. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने **भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) अधिकारियों के तीसरे वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन** विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 16.07.2022 को किया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर से आईआईएस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। माननीय रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा मुख्य संबोधन दिया गया जबकि समापन सत्र को माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल मुरुगन ने संबोधित किया था।

7. **68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों** की जूरी ने 22.07.2022 को वर्ष 2020 के विजेताओं की घोषणा की। 'टेस्टिमनी ऑफ एना' को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म और 'सूरराई' पोट्रु' ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता। श्री सूर्या और श्री अजय देवगन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का संयुक्त पुरस्कार विजेता घोषित किया गया, जबकि सुश्री अपर्णा को बालमुरली ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। 'तानाजी : द अनसंग वॉरियर' ने संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार जीता। श्री सच्चिदानंदन केआर ने मलयालम फिल्म एके अय्यप्पनम कोशियुम के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता। मध्य प्रदेश ने सर्वाधिक फिल्म अनुकूल राज्य का पुरस्कार जीता जबकि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को विशेष रूप से उल्लेख मिला। सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का पुरस्कार सुश्री नंचम्मा और श्री राहुल देशपांडे ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक का पुरस्कार जीता। श्री मनोज मुंतशिर ने हिंदी फिल्म 'साइना' के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार पुरस्कार जीता है। डीडी न्यूज़ पर एक विशेष कार्यक्रम ***'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2020'*** भी प्रसारित किया गया था।

8. **नोवेल कोरोनावायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता अभियान:** जैसा कि राष्ट्र ने **200 करोड़ टीकाकरण** के महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करके एक और इतिहास रचा, केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने 17.07.2022 को विषय ***'सामुहिक सार्मथ्य से रचा इतिहास'*** विषय पर नई दिल्ली के मुख्य चौराहों, केंद्र सरकार के कार्यालयों, आवासीय परिसर, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पर होर्डिंग/बैनर प्रदर्शित करके एक बड़े अभियान की शुरुआत की। सीबीसी के क्षेत्रीय/फील्ड कार्यालयों ने ***'200 करोड़ कोविड टीकाकरण/ कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव'*** विषय पर देश भर में **4000 से अधिक होर्डिंग/बैनर/पोस्टर प्रदर्शित किए** और सीबीसी सोशल मीडिया हैंडल पर व्हाट्सएप ग्रुप के क्रिएटिव्स साझा किए। डीडी

न्यूज/डीडी इंडिया पर विशेष कार्यक्रम ***'टीकाकरण का आकड़ा 200 करोड़ के पार'*** और ***'इंडिया अचीविंग टू बीएन कोविड वैक्सीनेशन डोज'*** का भी प्रसारण किया गया।

9. **श्री अमरनाथ जी यात्रा 2022** पर अभियान: डीडी न्यूज, एनएसडी:एआईआर और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) सहित इस मंत्रालय की मीडिया यूनिटों ने श्री अमरनाथ जी यात्रा 2022 का व्यापक कवरेज कर रहे हैं। अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने और फ्लैश फ्लड के दौरान बचाव अभियान के संबंध में समाचारों तथा मन की बात के 90वें संस्करण में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा बादल फटने की दुर्घटना पर शोक व्यक्त करने को व्यापक रूप से कवर किया गया था। डीडी न्यूज ने ग्राउंड रिपोर्ट और अधिकारियों के बाइट्स के साथ एक विशेष श्रृंखला ***'अमरनाथ यात्रा - राहत, बचाव कार्य जारी'*** का प्रसारण किया और स्क्रॉल पर नियमित रूप से हेल्पलाइन नंबर फ्लैश किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर समाचारों और इन्फोग्राफिक्स को भी साझा किया गया।

10. डीडी स्पोर्ट्स ने 28.07.2022 से इंग्लैंड में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ **राष्ट्रमंडल खेल 2022 का सीधा प्रसारण** शुरू किया। दिनांक 29.07.2022 से केवल डीडी फ्रीडिश पर 20 खेल श्रेणियों में खेल आयोजनों का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। विशेष राष्ट्रमंडल खेलों के बुलेटिन ***'राष्ट्रमंडल खेल 2022: जोश जज्बा जूनून'*** का प्रसारण डीडी न्यूज और विशेष अंग्रेजी बुलेटिन ***'सीडब्ल्यूजी 2022: रोड टू ग्लोरी'*** का प्रसारण डीडी इंडिया पर किया जा रहा है। कई स्थानों पर भारतीय दल की भागीदारी को व्यापक कवरेज प्रदान किया जा रहा है और डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर महत्वपूर्ण सीडब्ल्यूजी समाचारों को **ब्रेकिंग न्यूज** के रूप में दिखाया जा रहा है। एफएम गोल्ड पर स्पोर्ट्स स्कैन में 21.07.2022 से प्रतिदिन कार्यक्रम ***'आकाशवाणी समाचार के साथ राष्ट्रमंडल खेल प्रश्नोत्तरी'*** प्रसारित किया जा रहा है। हैशटैग #Cheer4India,#TeamIndia,#IndiaTaiyaarHai,#India4CWG2022,#CommonwealthGames2022 को बढ़ावा देते हुए डीडी न्यूज, डीडी इंडिया, डीडी स्पोर्ट्स और आकाशवाणी स्पोर्ट्स के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रमुख कहानियों को हाइलाइट किया गया है।

11. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने माननीय प्रधान मंत्री के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर **अखिल भारतीय शिक्षा समागम** के उद्घाटन, जालौन (यूपी) में **बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन;** पहले **अरुण जेटली स्मृति व्याख्यान**, **प्राकृतिक खेती संगोष्ठी के संबोधन;** नए संसद भवन की छत पर लगाए गए **राष्ट्रीय प्रतीक** के अनावरण और लोगों से **हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने के आग्रह**; **राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) 2022** के लिए रवाना होने वाले भारतीय दल के साथ बातचीत; वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य - पावर @2047** की परिणति को चिन्हित करते हुए ग्रैंड फिनाले में भागीदारी आदि को **लाइव कवरेज** और **व्यापक प्रचार प्रदान किया।** डीडी न्यूज ने समर्पित कर्टन रेजर कार्यक्रम '**संसद के समक्ष मुद्दे**' और '**इशूज बिफोर पार्लियामेंट**' और संसद बुलेटिन '**संसद समाचार**' और '**पार्लियामेंट न्यूज**' के प्रसारण के साथ संसद के मानसून सत्र को व्यापक रूप से कवर किया। नागरिकों से संबंधित मुद्दों पर एक नया साप्ताहिक संवादात्मक कार्यक्रम **'एक कदम और - बुजुर्गों के लिए'** एफएम गोल्ड पर 24.07.2022 से शुरू किया गया था।

12. *"युवाओं को सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन में बदलने में कौशल भारत मिशन की यात्रा और भारत को कौशल विकास का केंद्र बनाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका"* और *"समस्याओं के स्थायी समाधान खोजने में सरकार द्वारा हासिल किए गए माइलस्टोन"* की कवर कहानियों के साथ ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के जुलाई 2022 का पाक्षिक संस्करण 13 भाषाओं में मुद्रित किया गया और सीबीसी द्वारा देश भर में वितरित किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण माई गाव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से 70.6 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए थे।

13. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें-**

- **पत्रकार कल्याण स्कीम के तहत पत्रकारों को राहत:** दिनांक 01.07.2022 को, भारत सरकार ने स्थायी विकलांगता से पीड़ित दो पत्रकार और प्रमुख बीमारियों के चिकित्सा उपचार के लिए पांच पत्रकार सहित सात पत्रकारों और 35 पत्रकारों जिनकी जान चली गई थी, के परिवारों को वित्तीय राहत के लिए सहायता को मंजूरी दी, इसके अलावा, पत्रकार कल्याण स्कीम (जेडब्ल्यूएस) के तहत कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले पत्रकारों के 16 परिवार शामिल हैं। परिवारों को 5 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। अब तक इस स्कीम के तहत कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले पत्रकारों के 123 परिवारों को सहायता प्रदान की गई है और इस पहल के माध्यम से कुल 139 परिवारों को सहायता प्रदान की गई है।
- इस मंत्रालय के अधीन भारत का लोक प्रसारक और एक स्वायत्त सांविधिक निकाय, **प्रसार भारती ने** 11.07.2022 को **अपना नया लोगो लॉन्च किया।** जबकि केंद्रीय सर्कल और भारत के मानचित्र में अवयव राष्ट्र के लिए विश्वास, सुरक्षा और पूर्णता की सेवा का प्रतीक हैं, इसका रंग, 'डार्क मॉडरेट ब्लू' आकाश और समुद्र दोनों का प्रतिनिधित्व करता है और खुले स्थान, स्वतंत्रता, अंतर्ज्ञान, कल्पना, प्रेरणा और संवेदनशीलता से जुड़ा है।
- **न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) द्वारा नई वीडियो सीरीज का शुभारंभ: हैशटैग #WeekNama** का उपयोग करके केंद्र सरकार और देश से संबंधित सप्ताह के हाइलाइटों और प्रमुख समाचारों को कैप्चर करने वाला एक वीडियो सेगमेंट और हैशटैग **#MIBePositive** का उपयोग करके व्यक्तियों, नागरिक समाज संगठनों और स्थानीय प्रशासन द्वारा उपलब्धियों/नवाचार/असाधारण प्रयासों से संबंधित सकारात्मक कहानियों के एक वीडियो कैप्सूल एनएमडब्ल्यू द्वारा शुरू किया गया है।
- माननीय सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री की अध्यक्षता में **53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के लिए एक संचालन समिति का गठन** किया गया है। दिनांक 08.07.2022 को संचालन समिति की बैठक में 53वें आईएफएफआई के रोडमैप पर विचार-विमर्श किया गया।
- **डिजिटल मीडिया:** सर्वे ऑफ इंडिया ने सिनेमाघरों में और ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर प्रदर्शित होने **वाली फिल्म "केजीएफ चैप्टर-II" में** भारत **के नक्शे के गलत चित्रण के संबंध में एक संदर्भ दिया था।** इस मामले को ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ उठाया गया जिसने सूचित किया कि फिल्म के संबंधित हिस्से को संशोधित किया गया है और फिल्म के लिए सीबीएफसी द्वारा एक संशोधित प्रमाण पत्र जारी किया गया है।
- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने महीने के दौरान **छह (06) नए अनुमति प्रदान करार (जीओपीए)** पर हस्ताक्षर किए और **ग्यारह (11) जीओपीए** का नवीनीकरण किया है।

- **चैनल लाइसेंसिंग :** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने महीने के दौरान 05 नई अनुमतियां जारी की और 03 समर्पण अनुरोध स्वीकार किया/ टीवी चैनल रद्द किए। दिनांक **31.07.2022 तक** भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **895** है।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **7397 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं, **4 प्रेस कॉन्फ्रेंस, 3 वार्तालाप, 3 वेबिनार** आयोजित किए हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एकल-उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध, डिजिटल इंडिया और कारगिल विजय दिवस पर **17 लेख** कमीशन किए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **27 फर्जी खबरों का भंडाफोड़** किया और 42 ट्वीट पोस्ट किए।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** महीने के दौरान **72 शिकायतों** (धारा 13 के तहत 12 और धारा 14 के तहत 60) पर कार्यवाही की गई और 1 प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई।

- सीबीसी के क्षेत्रीय/फील्ड आउटरीच ब्यूरो (आरओबी/एफओबी) ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म** के माध्यम से 200 करोड़ कोविड टीकाकरण, कोविड उपयुक्त व्यवहार, कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव, आज़ादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 8 वर्ष आदि विषयों पर जागरूकता का आयोजन किया जो निम्नानुसार हैं :

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 25938 (286972) | 11265 | 6053 | 65832 |

- भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) को आउटलुक-आईसीएआरई रैंकिंग 2022 द्वारा भारत के शीर्ष जन संचार सरकारी कॉलेजों में नंबर 1 संस्थान और ओपन मैगज़ीन बेस्ट कॉलेज 2022 द्वारा अपने नवीनतम अंक में भारत के सर्वश्रेष्ठ जन संचार कॉलेजों में संस्थान को नंबर 1 स्थान दिया गया है।

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने महीने के दौरान विभिन्न विषयों पर **100 से अधिक ग्राफिक्स, वीडियो, चित्र, पोस्ट** आदि साझा करके व्यापक कवरेज और प्रचार किया।

  **आजादी का अमृत महोत्सव** और अन्य प्रमुख अभियानों को कारगिल विजय दिवस, हर घर तिरंगा, कोविड-19 वैक्सीन अमृत महोत्सव, 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, आदि जैसे अभियानों के लिए इन्फोग्राफिक्स, रीलों, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया था।

  टीकाकरण आदि पर केंद्रित रचनात्मक वीडियो/इन्फोग्राफिक्स (लगभग **240 ट्वीट)** के माध्यम से कोविड-19 संदेश भी **समर्पित ट्विटर हैंडल @COVIDNewsByMIB** के माध्यम से साझा किए गए हैं।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23073775